मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 | अंक : 156 | सोमवार 8 सितंबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. | Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
उर्वशी रौतेला ने छीने कई फैंस के मोबाइल

FOLLOW US | GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

## अंबरनाथ में दिल दहलाने वाली घटना

# बच्ची को फांसी पर चढ़ाकर मां ने खुद भी फांसी लगा ली

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है. गणेश विसर्जन के दिन ही एक मां ने अपनी बच्ची को फांसी लगाकर मार दिया. बाद में खुद ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. मृतक महिला उसकी बहन के 8 वर्षीय लड़के के निधन से दुखी थी और मानसिक तनाव में चली गई थी. शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में ऐसी शिकायत शहर पूर्व कृष्णा नगर निवासी मृतक महिला के पति अच्छेलाल रामस्वरूप निशाद (27) ने पंजीकृत कराई है. अच्छेलाल के अनुसार वह 5 सितंबर शुक्रवार की रात 9 बजे आनंद नगर एमआईडीसी की एक कंपनी में काम पर गए थे. 6 सितंबर शनिवार की सुबह 9 बजे वह घर पर आए तो ये देख कर दंग रह गए कि उनकी पत्नी राजकुमार निशाद (26) और उनकी लड़की अनुष्का (साढ़े तीन वर्ष) छत के एंगल से गल में साड़ी बांधकर फांसी लगाकर लटके हुए हैं. अच्छेलाल के अनुसार उसकी पत्नी राजकुमारी उसकी बहन धनवंती के लड़के मुकेश (8) के निधन से दुःखी थी. मुकेश का बीमारी से निधन हुआ था. राजकुमारी मानसिक तनाव में भी थी. उसने पहले अपने साढ़े तीन वर्षीय लड़की अनुष्का के गले में साड़ी बांधकर उसे फांसी पर लटकाया. बाद में साड़ी से ही उसने स्वतः को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मृतक राजकुमारी को आरोपी बनाकर उस पर अपनी लड़की को जान से मारने और स्वतः फांसी लगाने का अपराध दर्ज किया है. मामले की जांच वपोनि रमेश पाटिल कर रहे हैं.

# BJP के विरुद्ध कालानी ने शिंदे सेना को बनाया हथियार




## कालानी खेमा खाली होते देख की दोस्ती गठबंधन की घोषणा

## कालानी की दोस्ती शिवसेना को कहीं भारी न पड़े?

- उल्हासनगर का असर अन्य चुनावी युति पर पड़ेगा
- हर जगह भाजपा के महापौर की घोषणा कर चुके हैं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण
- भाजपा-टीओके के ज्यादातर उम्मीदवार होंगे आमने-सामने
- आरक्षण लॉटरी के बाद बड़ा फेरबदल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव आगामी दीवाली बाद अथवा जनवरी-फरवरी 2026 में होने की चर्चा चल रही है। ऐसे में उल्हासनगर की राजनीति में भारी फेरबदल भी देखने को मिल रहे हैं। उल्हासनगर में भाजपा की कमान संभाले हुए राजेश वधरिया जो पहले कालानी खेमे में थे उन्होंने कालानी को पटखनी देने के लिए कालानी खेमा खाली करना शुरू कर दिया और कालानी के कई पूर्व नगरसेवकों को भाजपा में शामिल कराया। कालानी ने अपने लोगों को रोकने की बहुत कोशिश की बावजूद कईयों ने भाजपा का दामन थामा ऐसे में अपनी टीम खाली होते देख कालानी ने भाजपा के विरुद्ध शिंदे सेना को हथियार बनाकर आगामी मनपा चुनाव दोस्ती का गठबंधन कायम की घोषणा शनिवार को कर दी। जिसका खामियाजा शिंदे सेना को भी भाजपा युति के दौरान भारी पड़ सकता है और इसका असर प्रदेश के अन्य नपा और मनपा के चुनाव में भी देखने को मिलेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने हर जगह भाजपा के महापौर की घोषणा भी कर दी है जिसके बाद से शिंदे सेना व भाजपा में मनमुटाव शुरू हो गए हैं।




**कई बड़े नगरसेवक प्रभाग रचना के बाद टेंशन में**

ज्ञात हो कि उल्हासनगर मनपा चुनाव हेतु प्रभाग संरचना की घोषणा हो चुकी है जिसमें पुराने पैनल और वार्ड जैसे थे वैसे की तर्ज पर कार्य हुआ है। लेकिन कई पूर्व बड़े नगरसेवकों का वार्ड अन्य वार्डों में समलित हो चुका है जिस कारण वो टेंशन में नजर आ रहे हैं जिसमें सतरामदास जेसवानी व विजू पाटील आदि प्रमुख बताए गए हैं। उन्होंने आपत्ति दर्ज कराना भी शुरु कर दिया है। अब कुल 78 वार्डों में 20 पैनल हैं जिनके लिए अब हर पार्टी ने अपनी रणनीति शुरु कर दी है।

भाजपा व कालानी की लड़ाई में हमेशा से ही शिवसेना ने अपना महापौर खड़ा किया है। मनपा के अंतिम कार्यकाल में भी लीलाबाई आशान महापौर थी तब भी भाजपा व कालानी की जंग चल रही थी। उल्हासनगर मनपा पर ज्यादातर शिवसेना के महापौर ने ही राज किया है और वर्षों से सांसद भी शिवसेना का है। अगर विधानसभा चुनाव को छोड़ दें तो ज्यादातर शहर पर शिवसेना ने ही राज किया है। इसी तर्ज पर शिवसेना शिंदे सेना ने टीओके के साथ गठबंधन किया है। ऐसे में अब शिवसेना विरुद्ध भाजपा कहा जाएं तो गलत नहीं होगा। क्योंकि भाजपा के प्रमुख वार्डों में कालानी के ही उम्मीदवार आमने सामने होते हैं। अब भाजपा इस दोस्ती के कायम गठबंधन से किस तरह निपटेगी यह तो समय ही बताएगा लेकिन शिवसेना ने कालानी के साथ खुलकर घोषणा करने से यह तय माना जा रहा है कि भाजपा के लिए शिवसेना की युति नहीं होगी। ऐसे में कालानी जो राकांपा शरद पवार की पार्टी का विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल कर हार चुके हैं उसका हश्र क्या होगा? यह भी देखने वाली बात होगी।

राकांपा अजित पवार गुट की रणनीति भी इस माहौल में अहम भूमिका निभाएगी। भाजपा अतिआत्मविश्वास में है जो उसके लिए घातक साबित हो सकता है। इन पार्टियों के अलावा कांग्रेस, शिवसेना उबाठा, आरपीआय, मनसे, गंगाजल फ्रंट, प्रजा कृपा पार्टी व निर्दलीय भी प्रमुख पार्टियों को टक्कर देने की ताकत रखते हैं। इनमें गंगाजल फ्रंट साई पार्टी का भी शिंदे सेना के साथ समलित होने तय है। शहर की खस्ता हालत के जिम्मेदार वही नेता, वही पार्टियों से अब आम जनता का भरोसा उठ चुका है। युवाओं को भी लॉलीपाप देने की प्रथा कायम रहेगी। इस बार मनपा चुनाव में कई युवा चेहरे देखने को मिलेंगे जो टिकट से वंचित होने वाले हैं। शिवसेना शिंदे गुट इस बार भाजपा को मैदान में अकेला छोड़ने के मूड में तैयारी कर रहा है।

# नशे में धुत कार चालक ने 4 वाहनों को टक्कर मारी



**अंबरनाथ.** गणेश उत्सव के दौरान नशे में धुत एक चार पहिया वाहन चालक द्वारा तीन-चार अन्य वाहनों को टक्कर मारने की एक चौंकाने वाली घटना पूर्व के हरिओम पार्क इलाके में घटी है। नशे की हालत में टाटा टिगोर कार चालक ने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को टक्कर मारी और तेज गति से भागने की कोशिश की। इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हालाँकि, वाहन काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गए। इस मामले में शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में चार पहिया वाहन चालक नवनीत मिश्रा (34) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता, रिक्शा चालक भानुदास माने (51) अंबरनाथ के हरिओम पार्क इलाके से, चंद्रसुमन हॉल इलाके से अपने रिक्शा में घर जा रहे थे. इस दौरान टाटा टिगोर गाड़ी ने रिक्शा, एक स्विफ्ट डिजायर, एक स्कूटी और अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक ने घटनास्थल से भागने की भी कोशिश की। हालाँकि, उनकी कार एक रेत के टीले से टकरा गई। इसके बाद, स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और शिवाजी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर की पहचान नवनीत सुशील मिश्रा के रूप में हुई है और वह निसर्ग ग्रीन कॉम्प्लेक्स में रहता है। घटना के समय मिश्रा नशे में था। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि उसकी कार में बीयर की बोतलें भी मिली हैं।

## सरिता खानचंदानी खुदकुशी प्रकरण

# बोडारे सहित 5 पर मामला दर्ज

- धनंजय बोडारे के समर्थन में शिवसेना पदाधिकारी DCP से मिले
- दीपेश म्हात्रे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद
- सरिता ने सुसाइड नोट में 5 नाम लिखे थे

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में प्रसिद्ध समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी सरिता खानचंदानी की आत्महत्या ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया है। अब इस मामले में एक अहम मोड़ आ गया है। विट्ठलवाड़ी पुलिस ने सरिता की डायरी में लिखे सुसाइड नोट और उनके पति पुरुषोत्तम खानचंदानी की शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहर में हड़कंप मचा देने वाले इस मामले की जांच ने एक नई दिशा ले ली है और नागरिकों में इस घटना को लेकर काफी चर्चा है। आठ

### 28 अगस्त को सरिता ने मानसिक तनाव में आकर की थी खुदकुशी

दिनों पूर्व सरिता ने उल्हासनगर 4 स्थित रोमा अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। वह शहर में एक सामाजिक कार्यकर्ता और वकील के रूप में जानी जाती थीं। घटना गुरुवार 28 अगस्त की दोपहर करीब 12 बजे को हुई। सरिता ने आत्महत्या से पहले अपनी डायरी में कुछ नाम स्पष्ट रूप से लिखे थे। जिसके आधार पर विट्ठलवाड़ी पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिनमें मुख्य रूप से शिवसेना उबाठा नेता धनंजय बोडारे सहित 5 लोगों का समावेश है। इस मामले की जांच विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक कुलकर्णी को सौंपी गई है। इस बीच, आज शुक्रवार को बोडारे के समर्थन में शिवसेना ठाकरे गुट के कुछ पदाधिकारियों ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक और उल्हासनगर जोन 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें उन्हें न्याय दिलाने की मांग की गई। इस अवसर पर ठाकरे समूह के कल्याण-डोंबिवली जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# अंबुजा सीमेंट्स प्रकल्प पर 'जनता दरबार'

**उल्हासनगर.** कल्याण तालुका के अम्बिवली क्षेत्र में स्थापित होने वाली अंबुजा सीमेंट्स की प्रस्तावित सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई पर जनता की राय जानने के लिए अब एक सार्वजनिक मंच खोला गया है। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा करने, नागरिकों की आपत्तियों और सुझावों को दर्ज करने के लिए 16 सितंबर को एक जन सुनवाई का आयोजन किया है। उल्हासनगर मनपा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि इस सुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों, परियोजना प्रभावितों और पर्यावरण-हितैषी संगठनों के भाग लेने की उम्मीद है।

अम्बुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने मोहाने, अटाली और अम्बिवली गाँवों के क्षेत्र में 6 एमएमटीपीए क्षमता वाली एक सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इस परियोजना के स्थानीय पर्यावरण, वायु, जल और सामाजिक संरचना पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करने के लिए भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना (14 सितंबर, 2006 और संशोधित 1 दिसंबर, 2009) के अनुसार यह सुनवाई अनिवार्य कर दी गई है। यह जनसुनवाई मंगलवार, 16 सितंबर, 2025 को सुबह 11 बजे अंबिवली स्थित एन.आर.सी. कंपनी परिसर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों, परियोजना से प्रभावित निवासियों के साथ-साथ पर्यावरणीय मुद्दों पर काम करने वाले संगठनों को मौखिक या लिखित रूप से अपने सुझाव, आलोचनाएँ, टिप्पणियाँ और आपत्तियाँ दर्ज कराने का अवसर दिया जाएगा।

# 1 लाख 85 हजार में नीलाम हुआ मोदक

- खाटू श्याम मंडल बुवापाड़ा की 17 वर्षों की परंपरा

उल्हास विकास संवाददाता




**अंबरनाथ.** इस वर्ष खाटू शाम मंडल बुवापाड़ा के गणेश उत्सव में विशेष मोदक एक लाख 85 हजार रुपए में नीलाम हुआ है, जिसे अनामिका अनुराग त्रिपाठी ने खरीदकर अपने पिता प्रमोद कुमार चौबे को देकर कहा है कि वह अपने पिता के खुशहाल जीवन की प्रार्थना करती है. खाटूशाम मंडल द्वारा गत 17 वर्षों से ये परंपरा चल रही है कि गणेश मूर्ति के सामने रखे मोदक की नीलामी की जाती है. गत वर्ष विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की पत्नी शिल्पा किणीकर ने ये मोदक बोली लगाकर दो लाख 22 हजार रुपए में लिया और पत्रकारों को बताया था कि विधानसभा चुनाव में उनके पति खड़े हैं, उनकी विजय की कामना के लिए उन्होंने ये मोदक खरीदा है. उनकी ये मनोकामना पूरी हुई और किणीकर चुनाव में 55 हजार वोटों से विजयी हुए. ऐसी जानकारी मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौबे ने दी है.

इस वर्ष भक्तों के बीच मोदक की नीलामी अनंत चतुर्दशी की शाम में शुरू हुई. एक गरीब मजदूर जिसने साल भर मजदूरी करके मोदक खरीदने के लिए रकम जमा की थी, उसने सबसे पहले 69 हजार रुपयों की बोली लगाई. बाद में नीलामी में आखिरी बोली 1 लाख 85 हजार रुपयों तक पहुंच गई. मुख्य अतिथि पत्रकार कमर काजी एवं यूसुफ शेख के हाथों मोदक अनामिका त्रिपाठी को सौंपा गया.उस समय गणपति बप्पा मोरया के जोरदार नारे लगाए गए. उस समय मंडल के सभी पदाधिकारी, के. के. रॉय, रौशन रॉय, चौबेजी समेत परिवार के सदस्य, बुवापाड़ा महिला मंडल एवं सैकड़ों भक्त उपस्थित थे.

## नदी के किनारे मिला 2 माह का शिशु

**कल्याण.** मोहने इलाके में उल्हास नदी के पास पत्रा चाली जाने वाली सड़क पर एक झाड़ी में दो महीने का एक शिशु मिला है। राहगीरों को खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा में उल्हास नदी पर नीरा सेल्स सेंटर के पीछे, पतराचल की ओर जाने वाली सार्वजनिक सड़क पर झाड़ियों में छिपा हुआ दो महीने का एक नर शिशु मिला। इस मामले में खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। इससे पहले खड़कपाड़ा पुलिस ने बारवे स्थित शिव मंदिर के पास कूड़े के ढेर के पास एक नवजात बच्ची को फेंकने वाले एक युवक के खिलाफ नाबालिगों के संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। युवक ने पुलिस के सामने कबूल किया है कि उसने एक युवती के साथ अनैतिक संबंधों से एक बच्ची को जन्म दिया है। पुलिस ने मामले में शामिल युवती को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

# गणेश मंडल के 5 कार्यकर्ता डूबे

- एक की मौत, 2 की तलाश जारी
- 2 लोगों को बचाया गया
- एक व्यक्ति को बचाते समय हादसा



**शहापुर.** ठाणे जिले में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान शाहपुर तालुका में एक दुखद घटना घटी है। एक गणेशोत्सव मंडल के पाँच कार्यकर्ताओं के डूबने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक की मौत हो गई और दो को ढूंढ लिया गया है। जबकि अन्य दो की तलाश देर रात तक जारी थी। इस घटना से शाहपुर में मातम पसर गया है। मृतक युवक का नाम प्रतीक मुंडे है और बचाए गए रामनाथ घारे और भगवान वाघ का शाहपुर उप-जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बीच, कुलदीप जाखरे और दत्ता लोटे की जीवन रक्षक टीम और शिवतेज मित्र समूह के युवाओं द्वारा खोज जारी थी।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। गणेश प्रतिमा विसर्जन से पहले जब आरती चल रही थी, तभी पास के एक छोटे से बांध से तैरने के लिए कूदे एक युवक को बचाने गए पाँच युवक आसनगाँव में रेलवे पुल के नीचे बह रही भारंगी नदी में डूब गए। पाँचों युवकों की तलाश जारी थी, लेकिन एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य की तलाश जारी है। बचाए गए दो युवकों का शाहपुर उप-जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना शनिवार शाम लगभग साढ़े छह बजे हुई, जब आसनगाँव के मुंडेवाड़ी में शिवतेज मित्र मंडल के गणपति विसर्जन की तैयारियाँ चल रही थीं।

भारंगी नदी के किनारे मंडल की गणेश प्रतिमा के विसर्जन से पहले आरती चल रही थी। उस समय दत्ता लोटे तैरने के लिए पास के बांध से बहने वाली भारंगी नदी में गए थे। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण नदियाँ उफान पर थीं और दो किनारों पर बह रही थीं, इसलिए दत्ता को भारंगी नदी के जलस्तर का अंदाज़ा नहीं था। इस वजह से वह डूब गए। उन्हें बचाने के लिए प्रतीक मुंडे, रामनाथ घारे, भगवान वाघ और कुलदीप जाखरे भी पानी में कूद पड़े। लेकिन वे भी डूब गए। इस समय, योगेश्वर नाडेकर ने अपने दोस्तों की मदद से पानी में छलांग लगाई और रामनाथ और भगवान को पानी से बाहर निकाला। उसके बाद, लाइफगार्ड टीम और मंडल के कार्यकर्ताओं ने युवक प्रतीक मुंडे को खोजकर बाहर निकाला। जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बीच, पुलिस ने बताया कि युवक कुलदीप जाखरे और दत्तू लोटे की तलाश जारी है।

# उल्हासनगर मनपा में टीडीआर घोटाला?

- तीन मामले निलंबित
- मंत्रालय में बैठक के बाद मनपा को नोटिस
- कारोबारियों को झटका

**उल्हासनगर.** राज्य सरकार ने उल्हासनगर महानगर पालिका में हुए कुख्यात हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) घोटाले को गंभीरता से लिया है। प्रहार जनशक्ति पार्टी के नेता बच्चू कडू की मौजूदगी में मंत्रालय में हुई एक अहम बैठक में नगर विकास विभाग ने उल्हासनगर मनपा को कुछ मामलों को जाँच होने तक निलंबित करने का आदेश दिया। इसके बाद उल्हासनगर मनपा को टीडीआर संख्या 14, 17 और 18 से जुड़े सभी लेन-देन और खरीद-बिक्री पर तुरंत रोक लगाने का आदेश दिया गया है। इसलिए, इसे निर्माण क्षेत्र के पेशेवरों के लिए एक झटका माना जा रहा है।

प्रहार जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष स्वप्निल पाटिल ने उल्हासनगर शहर में टीडीआर वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इस पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद, इस मामले में शिकायत करने वालों को ही फंसाया गया। हालाँकि, पाटिल लगातार इस पर कार्रवाई करते रहे। पिछले हफ़्ते इसी मुद्दे पर राज्य नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव असीम गुप्ता की मौजूदगी में एक बैठक हुई थी। प्रहार जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष बच्चू कडू और उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए मौजूद थे।




गुप्ता ने निर्देश दिया है कि न केवल लेन-देन, बल्कि इन टीडीआर के आधार पर किसी भी निर्माण परमिट को भी संबंधित मामलों की जाँच पूरी होने तक निलंबित कर दिया जाएगा। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव गुप्ता ने इस घोटाले के बारे में पूछा कि जब यह घोटाला उजागर हुआ था, तब मनपा प्रशासन क्या कर रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि मनपा ने इस ओर ध्यान क्यों नहीं दिया। उन्होंने यह भी कहा कि दस दिनों के भीतर इस मामले की जाँच पूरी करके दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस बैठक के बाद उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने संबंधित निर्माण पेशेवरों को नोटिस भेजा है। मनपा ने नोटिस के ज़रिए बताया है कि जो टीडीआर वितरित किए गए हैं, उन पर ख़रीद-फ़रोख़्त के लेन-देन पर रोक लगाई जा रही है। मनपा प्रशासन ने संबंधित पेशेवरों को चेतावनी भी दी है कि नोटिस के बाद भी अगर कोई लेन-देन किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

इस नोटिस के बाद, पेशेवर मुश्किल में हैं। अब, महानगरपालिका की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस उच्चस्तरीय बैठक में प्रहार जनशक्ति पार्टी प्रमुख बच्चूभाऊ कडू, ठाणे जिला संपर्क प्रमुख हितेश जाधव, ठाणे जिला अध्यक्ष एड. स्वप्निल पाटिल, राष्ट्र कल्याण पार्टी के अध्यक्ष शैलेश तिवारी, समाजसेवी वासु कुकरेजा, अवर सचिव निर्मल कुमार चौधरी, सचिव मोरे उपस्थित थे। नगर विकास विभाग के इस आदेश के कारण, उल्हासनगर में टीडीआर से संबंधित सभी खरीद-बिक्री, परियोजनाएं और निर्माण परमिट बंद हो जाएँगे, और जाँच के परिणाम अगले कुछ दिनों में सामने आएँगे।

# मोहन रीजेंसी कॉम्प्लेक्स के मंदिर में चोरी



**कल्याण.** कल्याण पश्चिम में आधारवाड़ी जेल रोड पर विशाल भोईर चौक स्थित मोहन रीजेंसी कॉम्प्लेक्स के मंदिर में सुबह करीब 4 बजे चोर घुस गए और मंदिर में रखे दानपात्र से बीस हज़ार रुपये से ज़्यादा चुरा लिए। इसके अलावा, इसी सोसाइटी के एक घर का दरवाज़ा तोड़कर घर में चोरी की गई। इस चोरी के मामले में मोहन रीजेंसी कॉम्प्लेक्स निवासी महादेवन अय्यर ने खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

आधारवाड़ी जेल रोड स्थित मोहन रीजेंसी कॉम्प्लेक्स परिसर में साईं बाबा का मंदिर है। इस मंदिर में एक दानपात्र है। मंदिर का मुख्य द्वार रात में बंद कर दिया जाता है। इस परिसर के मुख्य द्वार पर एक गार्ड तैनात है। उसके लिए प्रवेश द्वार पर एक अलग चौकी है। सुबह-सुबह चौकीदार को सोता देख, कुछ चोर मुँह पर कपड़ा बाँधकर सोसाइटी परिसर में घुस आए। वे सबसे पहले मंदिर की ओर आए। उन्होंने मंदिर के मुख्य द्वार के पास स्थित दानपात्र को तोड़ दिया। चोर दानपात्र से बीस हज़ार से ज़्यादा रुपये निकाल ले गए। इसके बाद, उन्होंने बगल से बंद फ्लैट का दरवाज़ा तोड़ा। उन्होंने उस घर से कुछ सामान चुरा लिया, यह बात मोहन रीजेंसी परिसर के सीसीटीवी फुटेज से पता चली है।

समिति के पदाधिकारियों ने तुरंत खड़कपाड़ा पुलिस को इसकी सूचना दी। सोसाइटी के सीसीटीवी फुटेज की जाँच की गई। उस समय पता चला कि तीन से चार लोगों ने अपने चेहरे ढके हुए थे और चोरी की। पुलिस ने मोहन रीजेंसी कॉम्प्लेक्स के सदस्य महादेवन अय्यर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया। सहायक पुलिस निरीक्षक अनिल गायकवाड़ चोरी के मामले की जाँच कर रहे हैं।

## खबरें गांव की...

### मथुरा में खतरे के निशान से पांच फीट ऊपर यमुना, आधा वृंदावन जलमग्न

**मथुरा.** काशी-प्रयाग में एक तरफ गंगा चौथी बार कहर बरपाने की तैयारी कर रही हैं तो मथुरा-वृंदावन में यमुना ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। मथुरा में यमुना नदी में जलस्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यहां हर घंटे दो सेंटीमीटर से ज्यादा जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इससे तटीय क्षेत्रों के साथ अब शहर के बाजारों में भी पानी पहुंचने लगा है। शनिवार की शाम ही यमुना का पानी खतरे के निशान से करीब पांच फीट ऊपर पहुंच गया था। वृंदावन की सड़कों और गलियों में नाव चलानी पड़ रही है। लगभग आधा वृंदावन इस समय जलमग्न दिखाई दे रहा है। निचले इलाकों की आबादी को बाढ़ राहत केन्द्रों व अन्यत्र शरण लेनी पड़ी है। जिला प्रशासन की टीमें लगातार रेस्क्यू कर जलवृद्धि में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं।

### पिता ने बेटी की गला दबाकर की हत्या

**मुजफ्फरनगर.** यूपी के मुजफ्फरनगर में खालापार थाना क्षेत्र के मोहल्ला किदवईनगर में पिता ने बेटी की गलत हरकतों से परेशान होकर गला दबाकर हत्या कर दी। बेटी का शव काफी देर तक चारपाई पर ही पड़ा है। पड़ोसियों की सूचना पर खालापार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हत्या करने वाले पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। युवती के चाचा ने थाने पर तहरीर दी है। हत्या करने के बाद आरोपी पिता खुद ही थाने पहुंच गया। मोहल्ला किदवईनगर निवासी गय्युर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। वह अपनी पत्नी, दो बेटी व दो बेटों के साथ छोटे से मकान में रह रहा था। सबसे बडी बेटी आरजु का रिश्ता उसने देवबंद में तय कर रहा था। बेटी शादी करने से इंकार रह रही थी। वह अपनी बेटी की गलत हरकतों से काफी परेशान था। शनिवार को शाम के समय बेटी व पिता के बीच शादी की बात को लेकर विवाद हो गया। बेटी ने शादी से इंकार कर दिया तो गुस्साए पिता ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को चारपाई पर डाल दिया।

### रात में उठी बहन ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर ले ली भाई की जान; बस इतनी सी थी बात

**रायबरेली.** यूपी के रायबरेली में एक बहन ने रात में कुल्हाड़ी से काटकर भाई की हत्या कर दी। जिले के हरचंदपुर थाना क्षेत्र में एक गांव की रहने वाली इस 16 वर्षीय लड़की को उसके भाई ने दूसरे लड़के से फोन पर बात करने से रोका था। बस इतनी सी बात पर शुक्रवार की रात सोते समय बहन ने अपने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बहन को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चुनाव आयोग पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा

- **10 सितंबर को दिल्ली में मीटिंग**
- **साल के आखिरी में प्रक्रिया शुरू हो सकती है**



**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग (ECI) पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितंबर को बैठक होगी।

न्यूज एजेंसी PTI ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) शामिल होंगे। इसमें देशभर में SIR कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी।

चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी।

#### स्क्रीनिंग के 4 नियम

- वोटर का नाम अगर 2003 की लिस्ट में है तो कोई दस्तावेज नहीं देना होगा। सिर्फ फॉर्म भरना होगा।
- 1 जुलाई 1987 से पहले जन्म हुआ है तो जन्मतिथि या जन्मस्थान प्रमाण देना होगा।
- 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्म हुआ तो जन्मतिथि और जन्मस्थान दोनों का प्रमाण देना होगा।
- 2 दिसंबर, 2004 के बाद जन्मे हैं तो जन्मतिथि, जन्मस्थान का प्रमाण और माता-पिता के दस्तावेज देने होंगे।

#### वोटर लिस्ट में SIR के लिए 2 तरीके...

**पहला :** बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) घर-घर, एक प्री-फील्ड फॉर्म गणना प्रपत्र (मतदाता की जानकारी और दस्तावेज) लेकर जाएंगे।

**दूसरा :** कोई भी व्यक्ति चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर यह फॉर्म डाउनलोड करके उसे भर सकता है।


साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके।

#### SIR का मकसद- वोटर लिस्ट को अपडेट करना

चुनाव आयोग के अनुसार, SIR का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

# वोटर ID में अब मकान नंबर 0 नहीं होगा

- **घर नहीं होने पर काल्पनिक नंबर नहीं दिए जाएंगे**
- **राहुल ने EC पर आरोप लगाए थे**




**नई दिल्ली.** कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता 'जीरो' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नोशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए।

इसके तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है। मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकानों को नंबर 00 या 77777 या 9999 देने को राजनीतिक मुद्दा बनाया हुआ है।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक की वोटर लिस्ट में ऐसे कई पते दिखाए थे, जिनके आगे यही नंबर लिखे हुए थे। इसके बाद ऐसे वोटर्स को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। चुनाव आयोग पर भी सवाल उठ रहे थे।

#### CEC बोले थे- जिनके पास घर नहीं होता, उनका हाउस नंबर 0 होता है

चीफ इलेक्शन कमिश्नर (CEC) ज्ञानेश कुमार ने 17 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताया था कि बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता होते हैं जो फुटपाथ पर, पुलों के नीचे या किसी लैंपपोस्ट के नीचे रात बिताते हैं। ऐसे मतदाताओं के घर के पते में मकान नंबर जीरो दर्ज किया जाता है। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई का अनुमान है कि 12 लाख लोगों के आधार में स्थाई पता दर्ज नहीं है। आधार अथॉरिटी ने ऐसे लोगों के लिए हेड ऑफ द फैमिली को केयर ऑफ दिखाकर पता दर्ज किया हुआ है।

#### देश में 17.73 लाख लोगों के पास आवास नंबर नहीं

पिछली जनगणना में यह भी सामने आया कि देश में करीब 17 लाख 73 हजार लोग बेघर हैं। उनके पास कोई जनगणना आवास नंबर नहीं था। ऐसे करीब 9 लाख 38 हजार लोग शहरी इलाके में और 8 लाख 34 लाख लोग ग्रामीण इलाके में दर्ज किए गए। नागरिक संगठनों ने इस संख्या पर एतराज भी जताए थे और कहा था कि बेघर लोगों की संख्या इससे कहीं अधिक है। अब 2027 की जनगणना में सही तस्वीर सामने आएगी। इस जनगणना के जरिए भी मकान संख्या ठीक से दर्ज करने और उन्हें घरों सामने पते तौर पर लिखने की पुख्ता व्यवस्था होने की उम्मीद की जा रही है।

### भाजपा नेता को तेजाब से जलाने की दी धमकी

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक ने भाजपा नेता के मुंह में तेजाब डालने और चेहरे को जलाने की धमकी दी है। विधायक अब्दुर रहीम बख्शी ने कथित तौर पर एक विरोध प्रदर्शन के दौरान यह धमकी दी। उनकी इस धमकी के निशाने पर भाजपा नेता शंकर घोष थे। मालदा जिले के टीएमसी अध्यक्ष अब्दुर रहीम बख्सी ने इस प्रदर्शन में घोष द्वारा प्रवासी मजदूरों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहने पर अपना आक्रोश जताया। घोष के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए बख्शी ने कहा, ₹जो बेशर्मी से कहता है कि बंगाल के 30 लाख प्रवासी मजदूर जो बाहर जाकर काम करते हैं, वह बंगाली नहीं है...

# जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया, पार्टी टूटने से बचाने के लिए पद छोड़ा

- **बहुमत खोने के बाद इशिबा को हटाने की मांग हुई थी**

**टोक्यो.** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया NHK ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे।




चुनावी हार के बाद LDP के भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। अब उनके हटने के बाद LDP में नई लीडरशिप की दौड़ शुरू होगी।

#### इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में बुरी तरह हारी थी

इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से LDP को 39 सीटें मिली थीं। यह हार PM इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता थी। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया था। LDP की स्थापना 1955 में हुई थी और यह पहला मौका है जब उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है।

# पावागढ़ शक्तिपीठ में रोपवे टूटा, 6 की मौत



- **मरने वालों में लिफ्ट ऑपरेटर और मजदूर शामिल**
- **कई लोग घायल**

**पावागढ़.** गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

जानकारी के मुताबिक, रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन पर गिर गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। वहीं, मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

#### पावागढ़ में 2 अलग-अलग रोपवे हैं

पावागढ़ में महाकाली मंदिर तक जाने के लिए दो अलग-अलग रोपवे बने हैं। एक रोपवे श्रद्धालुओं लाने-ले जाने के लिए है, जबकि दूसरा रोपवे केवल सामान और निर्माण सामग्री ढोने के लिए तैयार किया गया है। हादसा इसी गुड्स रोपवे में हुआ।

#### 2023 में भी रोपवे की रस्सी टूटी थी

पावागढ़ में इससे पहले 25 अगस्त 2023 को भी बड़ा हादसा होने से टला था। उस समय महाकाली मंदिर तक जाने वाली रोपवे की पिलर नंबर 4 की केबल बीच में ही टूट गई थी, जिससे 10 से ज्यादा यात्री हवा में बोगियों में फंस गए थे। हालांकि गनीमत रही कि सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया और कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

# हजरतबल दरगाह विवाद में 26 हिरासत में

- **अब अनंतनाग का वीडियो वायरल**
- **खिरम दरगाह में बिना अशोक स्तंभ चिह्न वाली शिलापट्ट लगाई**



**अनंतनाग.** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 3 सितंबर को हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन 4 सितंबर को अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था।

यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं।

अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके।


वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोड़ने के मामले में पुलिस ने शनिवार को 26 लोगों को हिरासत में लिया है। वायरल CCTV फुटेज के आधार पर इनकी पहचान की गई।

#### हजरतबल दरगाह शिलापट्ट विवाद पर किसने क्या कहा...

PDP नेता इल्तिजा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय को जानबूझकर उकसाया जा रहा है। CM उमर अबदुल्ला ने कहा कि मैंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का इस्तेमाल होते नहीं देखा, तो हजरतबल दरगाह के पत्थर पर प्रतीक चिन्ह लगाने की क्या जरूरत थी? क्या सिर्फ काम ही काफी नहीं था?

# ED ने सुब्रत रॉय के बेटे को भगोड़ा बताया

- **1.74 लाख करोड़ रुपए के घोटाले में सहारा के खिलाफ चार्जशीट**
- **पत्नी भी आरोपी**



**कोलकाता.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 1.74 लाख करोड़ रुपए के चिटफंड घोटाले का जिक्र है।

ED ने सहारा के संस्थापक दिवंगत सुब्रत रॉय की पत्नी सपना रॉय, बेटे सुशांत रॉय को आरोपी बनाया है। अनिल वैलापरमपिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद (जेपी) वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल हैं। ईडी ने सुशांत को भगोड़ा बताया है। वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। ईडी उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया में है। सहारा के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से करीब 300 में दर्ज आरोप पीएमएलए के दायरे में आते हैं।

#### 3 राज्यों में FIR दर्ज की थी

ईडी ने जांच की शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान में दर्ज तीन एफआईआर से की थी। ये हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड व अन्य सहारा संस्थाओं के खिलाफ दर्ज हुई थीं।

हाल ही में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई में सहारा समूह से जुड़ी नौ परिसरों पर छापेमारी हुई, जिनमें भूमि और शेयर डील्स से जुड़े दस्तावेज जब्त हुए। नए सबूतों के आधार पर सप्लीमेंटरी चार्जशीट दाखिल की गई है।

# एमएस धोनी क्रिकेटर से एक्टर बने




- **फिल्म द चेज में दिखेंगे**
- **टीजर में आर. माधवन के साथ फायरिंग करते दिखे कैप्टन कूल**

टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब एक्टिंग की दुनिया में अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। जल्द ही वह एक्टर आर. माधवन के साथ फिल्म 'द चेज' में दिखेंगे। रविवार को फिल्म का टीजर रिलीज हुआ। इसमें धोनी और माधवन ब्लैक आउटफिट और सन ग्लासेस पहने हैं और हाथों में गन लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। आर. माधवन ने फिल्म का टीजर शेयर किया। इस फिल्म को वासन बाला ने डायरेक्ट किया है। वासन आलिया भट्ट की मूवी जिगरा के भी डायरेक्टर थे।

**माधवन ने लिखा –**

'वन मिशन। टू फाइटर्स। तैयार हो जाइए, धमाकेदार चेज शुरू होने वाली है। 'द चेज' टीजर अब आउट है। डायरेक्टेड बाय वासन बाला। कमिंग सून।'


हाल ही में माधवन फिल्म 'आप जैसा कोई' में नजर आए थे। वहीं, वह जल्द फिल्म 'धुरंधर' में दिखेंगे, जो 5 दिसंबर को रिलीज होगी।

इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना और संजय दत्त भी नजर आएंगे। इसे 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर ने डायरेक्ट किया है। फिल्म को आदित्य धर, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

धोनी के जीवन पर फिल्म 'एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' बन चुकी है। यह साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी का किरदार निभाया था। इसके अलावा दिशा पाटनी, कियारा आडवाणी, अनुपम खेर और भूमिका चावला जैसे कलाकार भी इसमें अहम भूमिकाओं में दिखे थे। करीब 104 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 216 करोड़ रुपए कमाए थे।

# गाय के पेट से 28 किलो प्लास्टिक, 41 कीलें निकलीं

- **सर्जरी करने वाले डॉक्टर भी हैरान**



**शिमला.** हिमाचल प्रदेश में हैरान कर देने वाली एक घटना सामने आई है। डॉक्टरों ने सर्जरी करने के बाद एक गर्भवती गाय के पेट से 28 किलो प्लास्टिक, 41 कीलें, कपड़े और रस्सियां निकालीं। गाय ने पिछले चार-पांच दिनों से खाना-पीना बंद कर दिया था।

हिमाचल प्रदेश के ऊना में एक सरकारी पशु चिकित्सालय के डॉक्टरों ने एक गर्भवती गाय के पेट से 28 किलो प्लास्टिक और 41 धातु की कीलें समेत अन्य चीजें निकाली हैं। यह जटिल सर्जरी शनिवार को बरनोह स्थित क्षेत्रीय पशु चिकित्सालय में अस्पताल प्रभारी डॉ. निशांत रनौत के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम द्वारा की गई।

गर्भवती गाय को कलरुही निवासी विपिन कुमार और अन्य स्थानीय लोग अस्पताल लाए थे। डॉ. रानौत ने बताया कि गाय ने पिछले चार-पांच दिनों से खाना-पीना बंद कर दिया था। शुरुआती जांच के दौरान डॉक्टरों को उसके पेट में अप्राकृतिक वस्तुएं होने का संदेह हुआ। कई जांचें की गईं और सर्जरी करने का फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि गाय के पेट से 28 किलो प्लास्टिक, कपड़े, रस्सियां और 41 कीलों समेत धातु के कई टुकड़े निकाले गए। उन्होंने कहा कि अब तक इस पशु चिकित्सालय में बड़े डायाफ्रामिक हर्निया जैसी 53 जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। यहां हर प्रकार की पशु सर्जरी, रक्त जांच और अल्ट्रासाउंड जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह अस्पताल बड़े पशुओं के उपचार के लिए क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है।

# रूस ने यूक्रेन को 800 ड्रोन से निशाना बनाया

- **युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा हमला**

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर शनिवार को बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल दागीं, जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इसे फरवरी 2022 में दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन पर रूस का सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। रविवार को हुए इस हमले के बाद एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर 805 ड्रोन से हमला किया। यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने पुष्टि की कि रविवार का हमला यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा रूसी ड्रोन हमला था। रूस ने विभिन्न प्रकार की 13 मिसाइल भी दागीं।

वायु सेना के एक बयान के अनुसार, यूक्रेन ने 747 रूसी ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया। यूक्रेन में 37 जगहों पर नौ मिसाइल हमले और 56 ड्रोन हमले हुए। मार गिराए गए ड्रोन और मिसाइलों का मलबा आठ जगहों पर गिरा।

'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों ने एक सरकारी इमारत की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह धुआं हमले के कारण उठा या अन्य कोई कारण है। माना जा रहा है कि अगर धुआं किसी हमले के कारण उठा, तो रूस ने हवाई हमले तेज किए हैं। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है।

**आम सूचना**

मैं श्री अजितकुमार बनवारीलाल यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, टियर गार्डीयर, वी पी नाईक रोड के पास, शहाड, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एओ022506800) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुनील नारायण सिंह के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.8.2025 सी.नं. 2743/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अजितकुमार बनवारीलाल यादव**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती डिंपल अजित यादव सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, एसी शिट्स, वी पी नाईक रोड के पास, शहाड, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ0149091500) उक्त प्रॉपर्टी श्री अनिलकुमार नारायण सिंह के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.9.2025 सी.नं. 2940/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती डिंपल अजित यादव**

**आम सूचना**

मैं श्री फिरोज जलिल खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ए ब्लॉक 6 के पीछे, सी ब्लॉक रोड, संत रोहिदास नगर, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ015001600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अर्जुन तुलशीराम रिसवाल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.9.2025 सी.नं. 2965/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री फिरोज जलिल खान**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती मोना जमनादास प्रितवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 1608, रुम नं. 1, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 47सीआय018773000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती पूजा हेमन फुलवानी व श्री हेमन तेजूमल फुलवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.9.2025 सी.नं. 122 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मोना जमनादास प्रितवानी**

**आम सूचना**

मैं श्री वजीउद्दीन रफतुल्लाह खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ए ब्लॉक 6 के पीछे, सी ब्लॉक रोड, संत रोहिदास नगर, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ015001600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अर्जुन तुलशीराम रिसवाल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.9.2025 सी.नं. 2961/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री वजीउद्दीन रफतुल्लाह खान**

## संक्षेप...

### रानीबाग में एक साल में 25 जानवरों की मौत

**मुंबई.** वीरमाता जीजाबाई भोसले चिड़ियाघर में एक साल में 25 जानवरों की मौत हो चुकी है। इनमें से छह जानवरों की मौत बुढ़ापे के कारण हुई है, जबकि बाकी जानवरों की मौत बीमारी के कारण हुई है। इसलिए जानवरों की बढ़ती बीमारियाँ चिंता का विषय बन गई हैं। चिड़ियाघर में एक साल में 25 जानवरों की मौत हो चुकी है। इनमें से छह जानवरों की मौत बुढ़ापे के कारण हुई है, जबकि सबसे ज़्यादा 10 से ज़्यादा जानवरों की मौत हृदय रोग और सांस की बीमारियों के कारण हुई है। इन आँकड़ों के बाद चिड़ियाघर में जानवरों के स्वास्थ्य को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं। अब यह पता लगाने का समय आ गया है कि जानवरों में ऐसी बीमारियाँ क्यों बढ़ रही हैं।

# ठाणे मनपा क्षेत्र में 9861 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

- **उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शहर के विसर्जन घाटों का दौरा किया**
- **ग्यारहवें दिन कृत्रिम तालाबों में विसर्जन में पिछले वर्ष की तुलना में 67 प्रतिशत की वृद्धि**

**ठाणे.** अनंत चतुर्दशी पर ठाणे मनपा द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से विसर्जन स्थलों पर कुल 9861 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इनमें से 5390 मूर्तियाँ पीओपी की थीं, जबकि 4471 मूर्तियाँ शाडू मिट्टी की थीं। इनमें से छह फीट से बड़ी पीओपी की मूर्तियों की संख्या 188 थी। जबकि पर्यावरण के अनुकूल बड़ी मूर्तियों की संख्या 322 थी। ग्यारहवें दिन, सार्वजनिक निकाय की 372 गणेश प्रतिमाओं का भी विसर्जन किया गया।

ग्यारहवें दिन मनपा द्वारा निर्मित कृत्रिम तालाबों में 6699 और विशेष तालाब प्रणाली में 1479 गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया। यह पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव की परंपरा का सफलतापूर्वक पालन करता है।उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शहर के मासुंदा तालाब, कोपरी विसर्जन घाट और पारसिक विसर्जन घाट का दौरा किया, वहाँ उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया और गणेश भक्तों से बातचीत की। इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व महापौर अशोक वैती, मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त



(2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त मनीष जोशी, जी. जी. गोदेपुरे, शंकर पटोले, कार्यपालक अभियंता मोहन कलाल आदि उपस्थित थे।इस बीच मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मनपा द्वारा तैयार की गई विसर्जन व्यवस्था को ठाणे के नागरिकों द्वारा मिले जबरदस्त समर्थन के लिए सभी गणेश भक्तों का आभार व्यक्त किया है। मनपा और पुलिस प्रशासन के साथ-साथ कॉलेज के छात्र, गैर सरकारी संगठनों के स्वयंसेवक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि आदि, पुलिस मित्रों ने विसर्जन व्यवस्था में भाग लिया। सभी के सहयोग और श्रद्धालुओं के अनुशासित विसर्जन के कारण गणेश प्रतिमा का विसर्जन उत्सवपूर्वक सम्पन्न हुआ। रविवार सुबह लगभग 7.30 बजे सार्वजनिक गणेश मंडल की अंतिम प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

### कृत्रिम तालाबों में विसर्जन में 67 प्रतिशत की वृद्धि

ग्यारहवें दिन हुए विसर्जन के दौरान, कृत्रिम तालाबों में मूर्ति विसर्जन की दर पिछले वर्ष की तुलना में 67 प्रतिशत अधिक रही। इस बीच, सीधे खाड़ी में विसर्जित की गई मूर्तियों की दर पिछले वर्ष की तुलना में 41 प्रतिशत कम रही। वहीं, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान ने बताया कि इस वर्ष विशेष तालाब प्रणाली (हौद) में विसर्जन की दर में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, छह फीट तक की ऊँचाई वाली प्रतिमाओं का कृत्रिम तालाब में और उससे बड़ी प्रतिमाओं का खाड़ी के घाटों पर विसर्जन किया गया। कुछ श्रद्धालुओं ने छोटी प्रतिमाओं का भी खाड़ी में विसर्जन करने पर ज़ोर दिया। मनपा और पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें कृत्रिम तालाब में विसर्जित करने के लिए बार-बार अनुरोध किया गया। लगातार दूसरे वर्ष गणेश विसर्जन के लिए आने वाले नागरिकों को निःशुल्क शेवगा पौधे वितरित किए गए। रेतीबंदर और अन्य विसर्जन घाटों पर कुल 5000 शेवगा पौधे वितरित किए गए। उपायुक्त मधुकर बोडके और उद्यान निरीक्षक केदार पाटिल ने इस अभियान का समन्वय किया।

### कुल 73 टन निर्माल्य हुआ एकत्रित

इस वर्ष ठाणे मनपा के ठोस अपशिष्ट विभाग की खाद परियोजना में जैव-खाद के माध्यम से खाद के रूप में उपयोग हेतु निर्माल्य एकत्रित किया गया। ये जैव-खाद परियोजनाएँ कोलशेत, कौसा, ऋतु पार्क में संचालित हैं। अंतिम दिन मूर्ति विसर्जन के दौरान 32 टन से अधिक निर्माल्य एकत्रित किया गया। इस निर्माल्य का प्रसंस्करण कर जैविक खाद बनाई जाएगी। साथ ही, निर्माल्य के अजैविक घटकों को छाँटकर पुनर्चक्रण के लिए भेजा जाएगा। मूर्ति विसर्जन के डेढ़ दिन बाद, 17 निर्माल्य एकत्रित किए गए। पाँचवें दिन 8 टन निर्माल्य एकत्रित हुए। सातवें दिन 16 टन निर्माल्य एकत्रित हुआ। इस वर्ष कुल 73 टन निर्माल्य एकत्रित हुआ। इसके साथ ही दो टन से अधिक प्लास्टिक भी एकत्रित हुआ।

**मुंबई में गणपति विसर्जन के दौरान हादसा**

# मूर्ति से टच हुआ बिजली का तार, एक की मौत, 5 घायल



**मुंबई.** मुंबई में गणपति विसर्जन जुलूस के दौरान रविवार को एक दुखद घटना घटी। रास्ते में लटक रहा बिजली का तार मूर्ति को टच कर गया, जिससे 6 भक्त घायल हो गए और उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल लाए जाने पर एक व्यक्ति को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया, जिसकी पहचान 36 वर्षीय बिनु सुकुमारन कुमरन के तौर पर हुई है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अनुसार, बाकी पांच घायल भक्तों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना साकीनाका इलाके में खैरानी रोड पर सुबह करीब 10.45 बजे हुई, जब बिजली का एक तारगणपति की मूर्ति को छू गया। अधिकारी ने बताया कि 5 घायलों (सुभांशु कामत, तुषार गुप्ता, धर्मराज गुप्ता, करण कनौजिया और अनुष गुप्ता) को पैरामाउंट अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। राज्य में बड़े पैमाने पर बप्पा को विदाई देने के दौरान कुछ जगहों से हादसों की भी खबर आई। पालघर में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन लोग बह गए थे। हालांकि, उन्हें बचा लिया गया। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान भारतीय तटरक्षक बल के एक हेलीकॉप्टर और मुंबई पुलिस के ड्रोन ने हवाई निगरानी बनाए रखी।

# 'अगले वर्ष तू जल्दी आ' के नारों से गूंजी भिवंडी

- **भिवंडी में 10 दिवसीय 2481 गणेश मूर्तियों का धूमधाम से हुआ विसर्जन**

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में भिवंडी मनपा द्वारा निर्धारित विसर्जन घाटों सहित कृत्रिम तालाबों में भक्तों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमाओं का धार्मिक पूजा-अर्चना कर अश्रुपूरित नयनों से विसर्जन किया.10 दिवसीय घरेलू और सार्वजनिक पंडालों में विराजित आराध्य देव गणेश की मूर्तियों को विसर्जन घाटों पर पूजा कर गुंजायमान नारों बप्पा अगले वर्ष तू लवकर या की गूंज के साथ विसर्जित किया गया. लाखों गणेश भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ अपने प्रिय बप्पा को अश्रुपूरित नयनों से विदाई दी.भिवंडी शहर के तालाबों सहित कृत्रिम तालाबों में रात्रि करीब 3 बजे तक कुल



2,481प्रतिमाएं विसर्जित की गईं जिसमें 2094 घरेलू और 387 सार्वजनिक गणपति प्रतिमाओं का समावेश था.मनपा द्वारा निर्मित पर्यावरण पूरक कृत्रिम तालाबों में गणेश भक्तों द्वारा अपार भक्तिभाव से 722 गणपति प्रतिमाओं को उत्साहपूर्वक विसर्जित किया गया. गणेश मूर्तियों के विसर्जन के समय विभिन्न घाटों पर मनपा अधिकारियों,कर्मचारियों की टीम भक्तों की सुरक्षा,सुविधा की खातिर मुस्तैद थी. मनपा प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर सहित तमाम जिम्मेदार अधिकारियों का दौरा विसर्जन घाटों पर जारी रहा, ताकि किसी तरह की कोई समस्या पैदा न हो.

पुलिस उपायुक्त शशिकांत बारोटे के साथ पुलिस अधिकारी शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने हेतु निरीक्षण कर रहे थे.तमाम भक्तों ने कृत्रिम तालाबों में मूर्तियों को विसर्जित कर बप्पा अगले वर्ष लवकर या के नारे लगाते देखे गए. विसर्जन घाटों पर मनपा द्वारा अंजाम दी गई बेहतर व्यवस्था से भक्तगण संतुष्ट दिखाई पड़े.विसर्जन के दौरान

रिमझिम कभी कभार जोरों से होती बरसात में भी विसर्जन घाटों पर मनपा अधिकारी,सुरक्षा रक्षक,मनपा कर्मियों की टीम मुस्तैदी से भक्तों को सहयोग करने में जुटी थी.रात 3 बजे तक विसर्जन घाटों पर 'बप्पा' जयकारों की जोरदार गूंज गूंजती रही.शहर में कई जगहों पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा पानी,चाय आदि की व्यवस्था भक्तों की सुविधा की खातिर की गई थी.

# अंबरनाथ में 250 मंडलों का सत्कार



- **कबीर गायकवाड़ ने विसर्जन के दिन किया सम्मान**
- **विविध राजकीय पक्ष नेताओं, पत्रकारों का भी सत्कार**

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के चिंचपाड़ा खदान में दसवें दिन के गणपति विसर्जन को आए मंडल एवं अध्यक्ष का सत्कार एवं शॉल श्रीफल, सम्मान चिह्न देकर शहीद नरेश गायकवाड़ सामाजिक संस्था के अध्यक्ष कबीर नरेश गायकवाड़ एवं हिंदू-मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठितों के हाथों देकर सम्मानित किया गया. गत दस वर्षों से चिंचपाड़ा चौक पर भव्य मंडप लगाकर इस समारोह का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष 250 गणेश मंडलों का सत्कार किया गया है. ऐसी जानकारी नरेश गायकवाड़ ने पत्रकारों को दी है. उस समय सुधा नरेश गायकवाड़, वसंत जाधव, सत्यजीत गायकवाड़ आदि उपस्थित थे. कबीर ने बताया कि दस वर्ष पूर्व अंबरनाथ मुस्लिम जमात एवं उनकी संस्था एवं चिंचपाड़ा मित्रमंडल ने शुरू किया था ताकि शहर में हिंदू-मुस्लिमों में आपसी सौहार्द और भाईचारा बकरकार रहे. उपस्थित शहर के पत्रकारों का भी शॉल, श्रीफल, सम्मान चिह्न देकर सत्कार किया गया. कांग्रेस के शहराध्यक्ष प्रदीप पाटिल, राकांपा के पूर्व ठाणे जिला युवक अध्यक्ष सचिन पाटिल, पूर्व नगरसेवक पांडुरंग खराडे, नासिर कुंजाली, कमलाकर सूर्यवंशी का भी भव्य सत्कार किया गया.

विदित हो कि शहीद नरेश गायकवाड़ सामाजिक संस्था शहर में अनेक सामाजिक कार्य करता है. दसवें दिन चिंचपाड़ा के खदान में गाजे-बाजे के साथ गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ की घोषणाओं के साथ भक्तों ने विसर्जन किया. उस समय नपा प्रशासन एवं पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रखा गया था.

# 'परोपकार' ने गणेश भक्तों को बांटे 1.25 लाख वडा-पाव

- **शहर की गणमान्य हस्तियों ने दर्ज कराई मौजूदगी**

**भिवंडी.** 'परोपकार' थाने- भिवंडी क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष उद्योगपति मनोज दुढाणी के कुशल नेतृत्व में संस्था पदाधिकारी,सदस्यों की टीम द्वारा गणेश भक्तों को 1.25 लाख वडा-पाव और पानी बोतल का वितरण किया गया. क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष मनोज दुढाणी सहित पदाधिकारियों द्वारा भाजपा विधायक महेश चौगुले को शाल, श्रीफल,पीएम मोदी की खूबसूरत प्रतिमा प्रदान कर गौरव किया गया.उक्त अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी,संयोजक रमेश मुंदड़ा, द्वारका असावा, मुकेश दुडानी, पवन बागडी, ओम





सोमानी, मुकेश करवा, राजू गाजेंगी, सत्यनारायण बाहेती, कमल राठी, महावीर बियानी, पवन सोनी,ओम बियानी,संजय कोठारी,नरेंद्र वेंगल सहित शहर के तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

गौरतलब हो कि,'परोपकार' सामाजिक, सांस्कृतिक' संस्था द्वारा लगातार 13वें वर्ष शिवाजी चौक सिल्को हाउस के सामने गणपति विसर्जन प्रमुख मार्ग पर भव्य पांडाल लगाकर गणेश भक्तों, श्रद्धालुओं की सेवा हेतु वडा-पाव-पानी बोतल का वितरण किया गया. कामवारी नदी तिलक घाट विसर्जन स्थल जाने वाले असंख्य गणेश भक्त, श्रद्धालु रिमझिम बरसात में भी पूर्ण अनुशासित तरीके से कतारबद्ध होकर वडा-पाव खाते हुए आनंदित दिखाई पड़े.वडा-पाव खाकर लाखों श्रद्धालु भक्तगण संस्था द्वारा मानवता सेवा हेतु किए गए अतुलनीय कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की. ''परोपकार' ठाणे भिवंडी क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष मनोज दुढाणी ने बताया कि,'परोपकार' प्रतिवर्ष गरीबों को अन्नदान, गरीब बच्चों की फीस सहित ड्रेस,पाठ्य सामग्री में अमूल्य योगदान करती है.आपदा राहत कोष में मदद सहित तमाम सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर देश को समृद्धि बनाए जाने में बहुमूल्य सहयोग करती है.परोपकार संस्था का प्रयास गरीबों, असहायों की मदद,शिक्षा में सहयोग और आपदा काल में जरूरतमंदों की सेवा करना प्राथमिकता है. 'सर्व हिताय' मानव सेवा की अवधारणा के तहत 'परोपकार' सामाजिक संस्था मानव सेवा का अनमोल कार्य वर्षों से अंजाम देने में जुटी है.

# उर्वशी रौतेला ने छीने कई फैंस के मोबाइल

- **बाद में टीम ने लौटाए; खुद शेयर किया वीडियो**
- **एक्ट्रेस के साथ सेल्फी लेने के लिए लगी थी भीड़**

उर्वशी रौतेला हाल ही में मिडिल ईस्ट में हुए एक इवेंट का हिस्सा बनी थीं, इस दौरान एक्ट्रेस ने कई फैंस के हाथों से उनके मोबाइल फोन ले लिए। हालांकि बाद में उनकी टीम से सभी मोबाइल लौटा दिए।



उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में डाकू महाराज एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लुक में रेड कार्पेट पर वॉक करती नजर आ रही हैं। इस दौरान बैरिकेड्स के पास कई फैंस उनके साथ एक सेल्फी लेने के लिए भीड़ में खड़े नजर आए। एक्ट्रेस के आते ही फैंस ने हाथ बढ़ाकर उन्हें रोकने की कोशिश की, जिस दौरान उर्वशी ने एक फैन से उसका मोबाइल फोन छीन लिया। फैन बेहद कन्फ्यूज नजर आया, हालांकि एक्ट्रेस मोबाइल लेकर आगे बढ़ गईं। आगे बढ़ते हुए उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी लेने की बजाय कई और फैंस से मोबाइल ले लिए। वीडियो में देखा जा सकता है कि इस दौरान कई फैंस ने हाथ पीछे खींचते हुए उन्हें अपना फोन देने से इनकार कर दिया।

कुछ कदम आगे बढ़ने के बाद उर्वशी रुकीं और अपने गार्ड्स को वो सारे फोन थमाते हुए उन्हें वापस लौटाने के लिए कहा।

**मुंबई.** शिवड़ी पुलिस ने एक 32 वर्षीय डम्पर चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है, जिसके कारण 21 वर्षीय स्कूटर सवार की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना 4 सितंबर को शाम लगभग 6:15 बजे पोल संख्या 141 और 142 के पास, वडाला ट्रैफिक चौकी, सेवरी के सामने, बीपीटी रोड के उत्तर की ओर जाने वाली लेन पर हुई।

## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that MRS MAYA DEVI W/O KAMAL LAL, R/AT FLAT NO. 401 SEASON PARK RESIDENCY AMBARNATH THANE 421501, MAHARASHTRA, INDIA, is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for Naturalisation, and that any person who knows any reason why Naturalisation should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary.

## PUBLIC NOTICE

Through this public notice, we, the undersigned, wish to inform the General Public that we have disowned our real daughter / our real sister Ms. Srishti Bhajanlal Manghwani from our inheritance absolutely and for ever in respect of our all moveable and immoveable properties. We further submit that we are not responsible for her any act or deed if any illegally or unlawfully committed by her and for which we have already executed the Disowning Deed and Affidavit.

So, whosoever will be advancing any loan to her or dealing with her in any respect will be doing so at his / her own risks, costs and consequences, without any responsibility on the part of the undersigned.

Sd/-
(1) Mr. Bhajanlal Govindram Manghwani.
(2)Mrs. Vidya @ Vidyadevi Bhajanlal Manghwani.
(3) Mrs. Lavya Sagar Bhatia @ Ms. Aarti Bhajanlal Manghwani.
(4) Ms. Harshita Bhajanlal Manghwani.
Barrack no. 1694, Room no. 8, Section 25, Ulhasnagar - 421 004., Dist. Thane.
Mob. No. 87885 52270 / 70834 63045

### मंगेतर की बलात्कार के बाद हत्या

**पालघर.** एक व्यक्ति ने अपनी मंगेतर के साथ यौन संबंध बनाने की कोशिश की। जब उसने मना किया तो उसने उसके साथ बलात्कार किया। फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। जांच कर रही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना महाराष्ट्र के पालघर जिले की है। बिबलधर गाँव का एक युवक बुधवार दोपहर अपनी मंगेतर के घर गया था। वह घर पर अकेली थी क्योंकि उसके माता-पिता खेत पर गए हुए थे।

इस बीच, उस व्यक्ति ने अपनी होने वाली पत्नी पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। जब उसने मना किया तो उसने उसके साथ बलात्कार किया। फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। दूसरी ओर, घर लौटे माता-पिता अपनी बेटी को मृत पाकर स्तब्ध रह गए। पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुँची। नाबालिग लड़की के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इस बीच, स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान नीलेश के रूप में की। वह जंगल में भाग गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

LaLiga Football Schools
Sacred Heart School
AFFILIATION NO. CBSE - 1130894. NURSERY TO GRADE XII
NBA Basketball School
CCE COUNCIL FOR CREATIVE EDUCATION FINLAND
CELEBRATING 25 YEARS OF EXCELLENCE
INDIA'S BEST SCHOOLS
ADMISSIONS OPEN (2026-27) FROM 8TH SEPTEMBER, 2025



Sacred Heartians conquered Indian Ocean Swimming 30 kms. from Sri Lanka to Rameshwaram, India.
http://www.sacredheartschool.in/
WhatsApp No. 8605733000
email id - admission@sacredheartschool.in

उल्हास वि NEWS LIVE — FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel — Subscribe



Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099